ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE
24, AKBAR ROAD, NEW DELHI
COMMUNICATION DEPARTMENT

Highlights of CP Speech **26 March, 2019**

Congress President Shri Rahul Gandhi addressed Jan Sankalp Rally in Suratgarh, Rajasthan, today.

श्री राहुल गांधी ने जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अविनाश पांडे जी, अशोक गहलोत जी, सचिन पायलट जी, रघु शर्मा जी, स्टेज पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल के हमारे सब लोग, भाईयो और बहनों, प्रेस के हमारे मित्रों, आप सबका यहाँ बहुत-बहुत स्वागत। मैंने भी देखा, आप काफी दूर-दूर से चलकर आए हो, काफी कष्ट हुआ, यहाँ गर्मी में आने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

हमारे सामने चुनाव हैं और दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ बीजेपी-नरेन्द्र मोदी-आरएसएस की विचारधारा, देश को बांटने की विचारधारा, नफरत फैलाने की विचारधारा। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी, आप सब लोग, हम सब लोग, भाईचारा, प्यार और जोड़ने की विचारधारा, लड़ाई इन दोनों के बीच में है।

पिछले पांच साल से नरेन्द्र मोदी जी दो हिंदुस्तान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। एक अमीरों का हिंदुस्तान, प्राईवेट हवाई जहाज वाला हिंदुस्तान, अनिल अंबानी जैसे लोगों वाला हिंदुस्तान और दूसरा किसानों का, छोटे दुकानदारों का, व्यापारियों का, मजदूरों का, माताओं-बहनों का, बेरोजगार युवाओं का हिंदुस्तान। हमारा कहना है कि एक झंडा है, इस देश के दो झंडे नहीं है। तो अगर एक झंडा है तो एक हिंदुस्तान होना चाहिए, उसमें सब लोगों के लिए जगह होनी चाहिए।

नरेन्द्र मोदी जी के हिंदुस्तान में सिर्फ अमीर लोग सपना देख सकते हैं। किसानों को, गरीबों को, बच्चों को स्कूल भेजना पड़ता है, लाखों रुपए पहले निकाल कर देने पड़ते

हैं, किसी उद्योगपति को देने पड़ते हैं। हमारी माताएं-बहनें बीमार होती हैं, इनके बेटे बीमार होते हैं, प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ता है। पहले एमआरआई कराओ, एक्स रे कराओ हजारों रुपए दो, उसके बाद इलाज कराओ, लाखों रुपए दो। कैंसर हुआ, दिल का दौरा पड़ा, जेब में पैसा नहीं है, तो इलाज नहीं किया जा सकता नरेन्द्र मोदी जी के हिंदुस्तान में और हर भाषण में कहीं न कहीं वायदा करते हैं। 15 लाख रुपए हर बैंक अकाउंट में नरेन्द्र मोदी ने डालने को कहा था। 15 लाख रुपए दे दूंगा, बस मुझे वोट दे दो। प्रधानमंत्री मत बनाओ, चौकीदार बनाओ और फिर चौकीदार एक बार बन गया, चौकीदार बन गया तो फिर देखना मैं 15 लाख रुपया आपके बैंक अकाउंट में ऐसे डालूँगा (चुटकी बजाकर समझाते हुए) अच्छा, वहां नहीं रुकने वाला, दो करोड़ युवाओं को रोजगार भी दे दूँगा, प्रधानमंत्री बनाया तो, किसानों का भी कर्जा माफ कर दूँगा। मतलब, जो भी उनके मन में आया उन्होंने कह दिया।

15 लाख रुपए नहीं मिले, दो करोड़ युवाओं को रोजगार नहीं मिला, किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ, उल्टा नोटबंदी कर दी और गब्बर सिंह टैक्स (जीएसटी) लागू कर दिया। कहते हैं, जो आपका काम है, वो भी मुझे चाहिए। जो इन माताओं-बहनों के घर में था पैसा, इनका बचाकर रखा हुआ था जो, वो भी छीन लिया। नरेन्द्र मोदी जी कहते हैं, नहीं, मैं रोजगार नहीं दूँगा, 15 लाख रुपए नहीं दूँगा, किसानों का कर्जा माफ नहीं करूँगा, मगर जो आपकी जेब में है, जो आपके घर में है, वो भी छीनकर मैं नीरव मोदी को दे दूँगा।

अब देखिए, पिछले पांच साल में जो भी गरीबों की मदद करने की योजनाएं थी, उनको नरेन्द्र मोदी ने कमजोर किया। मनरेगा के बारे मे भाषण किया पार्लियामेंट हाऊस में, मैंने देखा। कहते हैं, सबसे बेकार स्कीम है। कांग्रेस पार्टी जनता से गड्ढा खुदवाती है। मनरेगा उनको समझ में ही नहीं आई, उनको ये भी नहीं पता कि जब यूपीए की सरकार थी, मनरेगा ने, भोजन के अधिकार ने, किसान कर्जामाफी ने, 14 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला और जो हमने 10 साल में किया, मनरेगा ने किया, भोजन के अधिकार ने किया, अलग-अलग योजनाओं ने किया, किसान कर्जामाफी ने किया, उन सबको नरेन्द्र मोदी जी ने पांच साल में खत्म कर दिया, फिर कहते हैं मैं चौकीदार हूँ।

पहली बात, उन्होंने आपको ये नहीं बताया कि वो चौकीदार किसके हैं? किसान के घर में चौकीदार होता है? आपने किसान के घर में चौकीदार देखा कभी? (जनता ने कहा, नहीं), किसी बेरोजगार व्यक्ति के घर में आपने चौकीदार देखा? (जनता ने फिर कहा, नहीं)। बेरोजगार युवा के घर में चौकीदार देखा? (जनता ने फिर कहा, नहीं)। अनिल अंबानी के घर में चौकीदार देखा? (जनता ने कहा, हां)। कितने चौकीदार हैं उसके घर में? लाइन लगी है चौकीदारों की। तो नरेन्द्र मोदी जी ने आपको ये नहीं बताया कि मैं भईया, आपका चौकीदार नहीं हूँ, मैं अनिल अंबानी जैसे, नीरव मोदी जैसे लोगों का चौकीदार हूँ।

राफेल के बारे में थोड़ा सा बताना चाहता हूँ। यहाँ पर एयरफोर्स की बेस है। मिग हवाई जहाज, जिसने पाकिस्तान पर आक्रमण किया, एयरफोर्स की एयरबेस पर, उसको बनाया किसने? हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड कंपनी ने, सरकारी कंपनी 70 साल से हिंदुस्तान के लिए हवाई जहाज बना रही है। राजस्थान के युवा उन हवाई जहाजों को उड़ाते हैं।

सीआरपीएफ के लोग शहीद होते हैं। आप देश की रक्षा करते हो, राफेल हवाई जहाज एयरफोर्स खरीदना चाहती थी। दुनिया का सबसे अच्छा हवाई जहाज है, हाई टेक्नोलॉजी हवाई जहाज है। यूपीए सरकार ने दो शर्तें रखी थी। पहली शर्त, हवाई जहाज हिंदुस्तान में बनाया जाएगा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सरकारी कंपनी बनाएगी और देश में अलग-अलग प्रदेशों में फैक्ट्री लगेगी, राजस्थान के युवाओं को रोजगार मिलेगा, गरीब लोगों के घर में पैसा आएगा और दूसरी शर्त, 526 करोड़ रुपए एक हवाई जहाज के लिए दिए जाएंगे। दाम 526 करोड़ रुपए का था। आठ साल नेगोसिएशन हुआ, आठ साल बातचीत हुई, आठ साल एयरफोर्स के लोगों ने बातचीत की। अंत में 526 करोड़ रुपए एक हवाई जहाज के लिए हिंदुस्तान की सरकार को देना था।

नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनते हैं, सीधा फ्रांस जाते हैं। आप पता लगाइए, उनके डेलीगेशन में अनिल अंबानी जी उनके साथ गए। अनिल अंबानी ने हवाई जहाज नहीं बनाया कभी। जिंदगी में उसने हवाई जहाज नहीं बनाया, उल्टा 45 हजार करोड़ रुपए

का कर्जा है उस पर, हिंदुस्तान के बैंकों से पैसा ले रखा है, वापस नहीं देता है। नरेन्द्र मोदी जी ने फ्रांस के राष्ट्रपति से कहा कि देखिए, एचएएल को बाहर कीजिए, ये अनिल अंबानी है, मेरा आदमी है, इसे आप राफेल हवाई जहाज का कॉन्ट्रैक्ट दीजिए, हवाई जहाज हिंदुस्तान मे बनाने की कोई जरुरत नहीं, फ्रांस में बनेगा, 526 करोड़ रुपए का हवाई जहाज नहीं खरीदेंगे, 1,600 करोड़ रुपए में खरीदेंगे! आप कहो 1,600 करोड़ रुपए में खरीदा जाएगा, मैं आपको 1,600 करोड़ रुपए में करा दूँगा। ये मैं नहीं कह रहा हूँ, ये फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा है। इंटरनेट पर जाइए, जो युवा यहाँ हैं, इंटरनेट पर जाइए, पता लगाइए। फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति का नाम ओलांद है, ओलांद ने नरेन्द्र मोदी जी के बारे में बयान दिया कि नरेन्द्र मोदी, हिंदुस्तान के चौकीदार ने मुझे बताया है कि अनिल अंबानी से चोरी करवानी है।

सीबीआई का डायरेक्टर खड़ा होता है, कहता है, भईया देखो, मैं इंक्वायरी करूँगा। डेढ़ बजे रात को नरेन्द्र मोदी जी उसको हटा देते हैं। सुप्रीम कोर्ट कहता है, इसको वापस लाओ, इसने क्या गलती की? नरेन्द्र मोदी जी उसको वापस लाते हैं और फिर 5-6 घंटे में फिर बाहर कर देते हैं।

हिंदुस्तान के डिफेंस मिनिस्टर पर्रिकर ने कहा कि इस नई डील के बारे मे मुझे कुछ नहीं मालूम, प्रधानमंत्री से जाकर पूछिए। एयरफोर्स के डॉक्यूमेंट्स निकलते हैं, कागज निकलते हैं, उसमें जो एयरफोर्स की जो नेगोसिएशन की टीम थी, उसने साफ लिखा है कि नरेन्द्र मोदी जी ने सीधा सौदा फ्रांस की सरकार और दसॉल्ट कंपनी से किया है। हमें परे कर दिया और उन्होंने, प्रधानमंत्री ने सीधा सौदा किया है।

तो भाईयो और बहनों, मोदी जी चौकीदार जरुर हैं, मगर आपके नहीं, अनिल अंबानी के और उसकी जेब में नरेन्द्र मोदी जी ने 30 हजार करोड़ रुपया आपका पैसा डाला। पहले नारा चलता था, अच्छे दिन आएंगे। अब नया नारा चला है, चौकीदार (जनता ने कहा, चोर है), ये देखिए, चौकीदार (जनता ने फिर कहा, चोर है), चौकीदार (जनता ने फिर कहा, चोर है)।

अब देखिए, पिछले पांच साल में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए नरेन्द्र मोदी जी ने, अरुण जेटली जी ने हिंदुस्तान के 15 सबसे अमीर उद्योगपतियों का कर्जा माफ किया है।

हमने पार्लियामेंट हाउस मे सवाल पूछा, उन्होंने जवाब दिया, साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए हमने माफ किया है। हिंदुस्तान की सरकार ने किसानों का कितना रुपया माफ किया है? एक रुपया नहीं माफ किया।

हम यहाँ चुनाव लड़े, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़े, हमने कहा और मैंने आपसे वायदा किया था, 10 दिन नहीं लगेंगे, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के किसान का कर्जा माफ होगा, गारंटी है और कुछ नहीं, लिखकर आप ले लो, आसमान फट जाए कुछ भी हो जाए, 10 दिन के अंदर कर्जा माफ हो जाएगा। दो दिन लगे, दो दिन के अंदर गहलोत जी ने, सचिन पायलट जी ने, कमलनाथ जी ने, भूपेश बघेल जी ने कर्जा माफ कर दिया आप सबका।

हम गरीबों की मदद करना चाहते हैं, हम न्याय चाहते हैं। दो हिंदुस्तान नहीं बनने देंगे और पिछले पांच साल में नरेन्द्र मोदी ने इतनी बेरोजगारी कर दी है, जो पहले गरीब नहीं थे, जिनको कांग्रेस पार्टी ने गरीबी से निकाला था, उन सबको नरेन्द्र मोदी जी ने वापस गरीब बना दिया है।

पहला झटका नोटबंदी, आप सब लाइन में खड़े थे न?, बैंक के सामने आप सब लाइन में खड़े थे?, याद है आपको?, माताएं-बहनें, आप खड़ी थीं?, खड़े थे न आप सब?, प्रधानमंत्री ने कहा था न कि कालेधन के खिलाफ लड़ाई है। आपके साथ लाइन में सूट-बूट वाले अमीर लोग खड़े थे? आपने एक भी देखा? किसान खड़े थे न?, मजदूर थे?, छोटे दुकानदार थे?, बेरोजगार लोग थे?, अनिल अंबानी देखा आपने?, नीरव मोदी देखा?, मेहुल चौकसी देखा, ललित मोदी देखा, विजय माल्या देखा? न! एक नहीं था, मैं था, कालेधन के खिलाफ लड़ाई चल रही थी तो कालेधन वाले लाइन में क्यों नहीं दिखाई दिए क्योंकि नरेन्द्र मोदी जी ने कालेधन वालों की मदद की, आपका पूरा पैसा लेकर उनकी जेब में डाला और उनका जो भी कालाधन था, नोटबंदी के समय उन्होंने अपने कालेधन को बैंक के पीछे के दरवाजे से घुसकर सफेद कर दिया।

माताओं, अमित शाह का गुजरात में बैंक है। बीजेपी के प्रेसीडेंट के बैंक ने, एक बैंक ने 700 करोड़ रुपए बदलकर दिया। उनका बेटा है, 50 हजार रुपए का बिजनेस था, महीनों में 80 करोड़ रुपए का बिजनेस हो गया। अरुण जेटली जी, उनकी बेटी के बैंक

अकाउंट में मेहुल चौकसी ने पैसा डाला है। जाने से पहले विजय माल्या 10 हजार करोड़ रुपए चोरी करके चला गया। जाने से पहले विजय माल्या अरुण जेटली से मिला, अरुण जेटली जी ने ये बात मानी कि हां, 10 हजार करोड़ रुपए वाला चोर जाने से पहले मुझसे मिला पार्लियामेंट हाउस में, सबके सामने मिला। क्यों मिला, क्या कारण था? आपके हाथ में सीबीआई, आपके हाथ में इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट, आप फाइनेंस मिनिस्टर, चोर आपके पास आता है, कहता है, मैं जा रहा हूँ, लंदन जा रहा हूँ, आप कहते हैं, हां, जाइए, क्यों?

तो इन सबने गरीबों का पैसा लूटा है, अरुण जेटली जी ने नरेन्द्र मोदी जी ने, अमित शाह ने, सबने लूटा है। उसके बाद कहते हैं, अब हम गब्बर सिंह को लाएंगे, गब्बर सिंह टैक्स लाएंगे। आज तक हिंदुस्तान के किसी भी छोटे दुकानदार को, स्मॉल-मीडियम बिजनेस वाले को, छोटे बिजनेस वाले को नहीं समझ आई कि ये गब्बर सिंह टैक्स क्या है? मोदी जी ने कहा था कि एक टैक्स होगा, पांच अलग-अलग टैक्स हैं, दिन भर टैक्स वाले तंग करते हैं, दुकानदारों को, छोटे बिजनेस वालों को, मिडिल साइज बिजनेसवालों को। अलग-अलग फॉर्म भरते जाओ, हर महीने फॉर्म भरो, हमने निर्णय ले लिया है, 2019 में हमारी सरकार बनेगी, गब्बर सिंह टैक्स को हम सच्ची जीएसटी में बदल देंगे, एक टैक्स होगा, कम से कम टैक्स होगा। एक टैक्स, कम से कम टैक्स और साधारण टैक्स।

मगर एक बात से मुझे काफी दुःख हुआ है, पिछले पांच साल में जो मैंने दो हिंदुस्तान की बात कही, नरेन्द्र मोदी जी दो हिंदुस्तान बनाने की बात कर रहे हैं और हम महीनों से, कांग्रेस पार्टी के जो नेता है, महीनों से हमारी चर्चा चल रही है कि इसके बारे में हम क्या करें? हमारी प्लानिंग चल रही थी कि गरीबों को गरीबी से निकालने का क्या तरीका हो सकता है? यूपीए की सरकार ने 10 साल में 14 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला। 25 करोड़ लोग बचे हैं और 21वीं सदी के हिंदुस्तान में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हों ये शर्म की बात है, ये पूरे देश के लिए शर्म की बात है। तो हम 6 महीने से काम कर रहे हैं कि हम गरीबी के खिलाफ किस प्रकार से युद्ध शुरु करें और हिंदुस्तान से गरीबी को कैसे मिटाया जाए? हमने विस्तार से बातचीत की, 2-3 चीजें सामने थी।

पिछले पांच साल में नरेन्द्र मोदी जी ने एक के बाद एक, एक के बाद एक, एक के बाद एक अमीरों को पैसा दिया। अनिल अंबानी 30 हजार करोड़ रुपए, मेहुल चौकसी 35 हजार करोड़ रुपए, नीरव मोदी 30 हजार करोड़ रुपए, 15 लोगों का साढ़े तीन लाख करोड़ रुपया कर्जा माफ । जहाँ देखो, आपकी जमीन छीनकर ले जाते हैं, किसानों का कर्जा माफ नहीं करते हैं। तो हमने सोचा, ठीक है, अगर नरेन्द्र मोदी जी अमीरों को पैसा देते हैं, तो फिर कांग्रेस पार्टी गरीबों को पैसा देगी। तो ये हमने निर्णय लिया और फिर हमने सोचा कि ठीक है भईया, कैसे किया जाए? तरीका क्या होना चाहिए? और किसको और कितना पैसा मिलना चाहिए? बातचीत में एक-दो चीजें निकली, एक बात निकली कि हमें 21वीं सदी में हिंदुस्तान में एक मिनिमम, कम से कम आमदनी की लाइन बना देनी चाहिए। मतलब, इस लाइन से नीचे, इस आय सीमा से नीचे इस देश में एक भी व्यक्ति नहीं होना चाहिए। तो फिर सवाल उठा कि ये कम से कम आमदनी की लाइन, कितने रुपए की होनी चाहिए? मैं खुशी से आपको बताता हूँ, गर्व से आपको बताता हूँ कि 2019 में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के एकदम बाद हिंदुस्तान की मिनिमम, कम से कम आमदनी लाइन 12 हजार रुपए प्रति महीना होगी। 12 हजार रुपए महीना हिंदुस्तान की कम से कम आमदनी लाइन होगी। अब आप मुझसे कहोगे, ठीक है भईया, आपने निर्णय ले लिया कि 12 हजार रुपए हर महीने कम से कम आमदनी लाइन होगी तो क्या हुआ? तो मैं आपको बताता हूँ, जो भी इस लाइन से नीचे है, किसी भी धर्म का, किसी भी जाति का, स्त्री-पुरुष जो भी है, किसी भी प्रदेश का, उसको कांग्रेस पार्टी, उसके बैंक अकाउंट में सीधा पैसा डालकर उसकी कम से कम आमदनी को 12 हजार रुपए बना देगी।

मतलब, दूसरे तरीके से बताता हूँ, मतलब, हिंदुस्तान के सबसे गरीब 20 प्रतिशत लोगों को, अच्छी तरह सुनिए, हिंदुस्तान के 20 प्रतिशत सबसे गरीब लोगों को हर साल कांग्रेस पार्टी की सरकार 72 हजार रुपए बैंक अकाउंट में डालकर दे देगी।

मतलब, गरीबी पर ये कांग्रेस पार्टी का सर्जिकल स्ट्राइक, हम इस तरीके से हिंदुस्तान से गरीबी को पूरी तरह मिटा देंगे। मोदी जी ने गरीब को मिटाने का काम किया, हम अपनी सरकार आने पर गरीबी मिटाने का काम शुरु कर देंगे। मतलब, दूसरे तरीके से बताता हूँ, 72 हजार रुपए हर परिवार को साल का, पांच साल में तीन लाख साठ

हजार रुपए उस परिवार के बैंक अकाउंट में कांग्रेस पार्टी डाल देगी। ऐसा काम इतिहास में किसी देश ने नहीं किया, हम इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं हैं कि 21वीं सदी में हमारे देश में, इस महान देश में एक भी गरीब व्यक्ति हो। अगर एक भी गरीब व्यक्ति होगा, हम उसके बैंक अकाउंट में सीधा पैसा डालकर उसे गरीबी रेखा से, मिनिमम इंकम लाइन से ऊपर कर देंगे।

अब नरेन्द्र मोदी जी, अरूण जेटली जी कहते हैं, पैसा कहाँ से आएगा? नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, ललित मोदी, विजय माल्या के लिए सरकार के पास पैसा है। मोदी जी, आपने 15 लाख रुपए देने की बात की थी, आपने एक रुपया नहीं दिया। मैं 15 लाख रुपए नहीं कहूँगा, मगर मैं 72 हजार रुपए हर गरीब परिवार के बैंक अकाउंट में डालकर दिखाऊँगा।

अब देखिए, आप मेंरे जितने भी भाषण देखना चाहते हैं, देख लीजिए। पिछले चुनाव में मैंने कर्जामाफी का वायदा किया था। तीन प्रदेशों में कहा था कि 10 दिन के अंदर हो जाएगा, दो दिन के अंदर हुआ। मनरेगा की लड़ाई लड़ी, पूरे देश में आपको मनरेगा दिया। भोजन का अधिकार कांग्रेस पार्टी ने दिया, जमीन अधिग्रहण बिल कांग्रेस पार्टी ने करके दिया। भाईयो और बहनों, जो हम कहते हैं, हम करते हैं। मैं आपको गारंटी दे रहा हूँ, स्कीम का नाम, 'न्याय (NYAY)' है। पूरे हिंदुस्तान में 'न्याय' होगा, 'न्याय' चलेगा और गरीब से गरीब लोगों के बैंक अकाउंट में हम 'न्याय' स्कीम के माध्यम से 72 हजार रुपए साल के डाल देंगे। मैंने जैसे कहा, कुछ भी हो जाए, आसमान फट जाए, कोई फर्क नहीं पड़ता, कांग्रेस पार्टी ये हिंदुस्तान के लिए, हिंदुस्तान के गरीब के लिए काम करके दिखा देगी।

सबसे बड़ी मुश्किल देश के सामने बेरोजगारी की है। जहाँ भी देखो, बेरोजगार युवा। नोटबंदी, जीएसटी, ये काम करके नरेन्द्र मोदी जी ने बेरोजगारी बढ़ा दी है। 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी आज है। हमारी सरकार गरीबी के खिलाफ, गरीबी से लड़ाई लड़ेगी, मगर बेरोजगारी को भी मिटाने का काम हम लोग करेंगे। हम आपको 50-60 चीजें नहीं बोलेंगे, मगर हम आपको ये बोलेंगे कि किसान की रक्षा और युवाओं को रोजगार, इसके लिए हम अपना पूरा खून-पसीना, पूरा समय लगाकर आपको दे देंगे।

बेरोजगारी क्यों है, मैं आपको बताता हूँ। हिंदुस्तान के सब बैंक्स जो हैं, इनको नरेन्द्र मोदी जी ने 15-20 लोगों के हवाले कर दिया है। नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या जैसे लोगों को दे दिया है। जो युवा हैं, जो छोटा बिजनेस खोलना चाहते हैं, जो छोटे दुकानदार हैं, जो स्मॉल और मीडियम बिजनेस वाले है, उनको बैंक से एक रुपया नहीं मिलता, तो हम उनके लिए, युवाओं के लिए, छोटे बिजनेस वालों के लिए हिंदुस्तान के बैंक का दरवाजा खोलेंगे और आपको आसानी से बैंक लोन दिलवाएंगे। हिंदुस्तान के युवा, देश की मदद करना चाहते हैं, हर युवा अपना छोटा बिजनेस खोलना चाहता है, मगर बैंक के दरवाजे बंद हैं, बैंक की चाबी अनिल अंबानी के हाथ में, नीरव मोदी के हाथ में, मेहुल चौकसी के हाथ में। हम बैंक की चाबी नीरव मोदी के हाथ से छीनकर आपके हाथ में डाल देंगे।

किसान दिनभर खेत में काम करता है, चिलचिलाती धूप में काम करता है और फिर मंडी में जाकर उसे सही दाम नहीं मिलता। अपना माल वो सही दाम पर नहीं बेच पाता। हम आपके खेत के बिल्कुल पास फूड प्रोसेसिंग का कारखाना लगाएंगे। जहाँ आप आलू उगाते हो, आलू के चिप्स का, टमाटर कैचअप का, सोयाबीन के तेल का, जो भी आप उगाते हो, उसका कारखाना, आपके खेत के बिल्कुल पास लगेगा और आप सीधा उस कारखाने में जाकर अपना माल बेच पाओगे और आपका माल पूरे हिंदुस्तान में जाएगा। आपके खेत को हम सिर्फ हिंदुस्तान के शहरों से ही नहीं जोड़ेंगे, हम आपके खेत को दुनिया के शहरों से जोड़े देंगे कि आपका माल सिर्फ हिंदुस्तान के शहरों में ही न जाए, अमेरिका के शहरों में, चीन के शहरों में, जापान के शहरों में, इंग्लैंड के शहरों में जाए और आपको अपने माल के लिए सही दाम मिले, आपकी मेहनत के लिए सही दाम मिले। ये काम हम आपके लिए करना चाहते हैं, ऐतिहासिक काम है और आज मुझे बहुत गर्व हो रहा है, बहुत खुशी हो रही है कि जो आपके साथ पिछले पांच साल में अन्याय हुआ, जो नरेन्द्र मोदी जी ने आपकी जेब से पैसा छीनकर, माताओं-बहनों, आपकी जेब से, आपके घर से जो पैसा उन्होंने छीना, जो उन्होंने नीरव मोदी की जेब में डाला, मैं बहुत खुशी से आपको कहने जा रहा हूँ, वो पैसा हम वापस आपके बैंक अकाउंट में डालने जा रहे हैं।

आप सबका मैं दिल से धन्यवाद करना चाहता हूँ, इतनी गर्मी में दूर से आए। आप मुझपर भरोसा करते हो, जो मैं आपसे कहता हूँ, आप जानते हो कि मैं आपसे सच्चाई बोलता हूँ, दिल का रिश्ता है, सच्चाई का रिश्ता है, झूठ का रिश्ता नहीं है, अन्याय का रिश्ता नहीं है, प्यार का रिश्ता है, इसके लिए आप सबको दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद, नमस्कार, जय हिंद।

Sd/-
(Vineet Punia)
Secretary
Communication Deptt.
AICC